futuretopper.in

Series BPRPR/3 **SET~1**

प्रश्न–पत्र कोड **3/3/1**

रोल नं.

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

नोट :

(i) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **4** हैं ।

(ii) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।

(iii) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **7** प्रश्न हैं ।

(iv) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**

(v) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

हिन्दी (अ)

HINDI (A)

निर्धारित समय : 2 घण्टे *अधिकतम अंक : 40*

सामान्य निर्देश :

निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका अनुपालन कीजिए :

(i) *इस प्रश्न-पत्र में कुल **07** प्रश्न हैं ।*

(ii) *इस प्रश्न-पत्र में **दो** खण्ड हैं – **खण्ड क** और **खण्ड ख** । सभी प्रश्न अनिवार्य हैं । यथासंभव सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार ही लिखिए ।*

(iii) *लेखन कार्य में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखिए ।*

(iv) ***खण्ड क** में कुल **3** प्रश्न हैं । दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए इनके उपप्रश्नों के उत्तर दीजिए ।*

(v) ***खण्ड ख** में कुल **4** प्रश्न हैं । सभी प्रश्नों के साथ विकल्प भी दिए गए हैं । निर्देशानुसार विकल्प का ध्यान रखते हुए चारों प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।*

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in

futuretopper.in

खण्ड क
(पाठ्य-पुस्तक एवं पूरक पाठ्य-पुस्तक)

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 25 – 30 शब्दों में लिखिए : *4×2=8*

(क) 'फ़ादर कामिल बुल्के जन्म से तो नहीं पर मन से भारतीय थे ।' 'मानवीय करुणा की दिव्य चमक' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए ।

(ख) फ़ादर कामिल बुल्के ने हिन्दी साहित्य को कैसे समृद्ध किया ? 'मानवीय करुणा की दिव्य चमक' पाठ के आधार पर उदाहरण सहित लिखिए ।

(ग) लेखक को नवाब साहब का मौन रहना और बातें करना दोनों ही अच्छा नहीं लग रहा था, क्यों ? 'लखनवी अंदाज़' पाठ के आधार पर लिखिए ।

(घ) 'लखनवी अंदाज़' पाठ में नवाब साहब ने लेखक को खीरे की क्या विशेषता बताई और क्या वह सही थी ?

2. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं ***तीन*** प्रश्नों के उत्तर 25 – 30 शब्दों में लिखिए : *3×2=6*

(क) 'उत्साह' कविता में बादल किनके प्रतीक हैं ? कविता के आधार पर दो बिंदुओं को लिखिए ।

(ख) 'अट नहीं रही है' कविता के शीर्षक की सार्थकता तर्क सहित सिद्ध कीजिए ।

(ग) 'पाठिका थी वह धुँधले प्रकाश की' – 'कन्यादान' कविता में लड़की के बारे में ऐसा क्यों कहा गया है ? स्पष्ट कीजिए ।

(घ) 'कन्यादान' कविता में माँ के द्वारा बेटी को दी गई प्रमुख सीखों का उल्लेख कीजिए ।

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए : *2×3=6*

(क) 'माता का अँचल' पाठ के आधार पर बालक भोलानाथ के भयभीत हो जाने वाली घटना का उल्लेख कीजिए । भयभीत भोलानाथ पिता के पास न जाकर माँ के पास ही क्यों गया ?

(ख) 'जॉर्ज पंचम की नाक' पाठ के आधार पर बताइए कि रानी एलिजाबेथ के भारत आगमन के समय जो पत्रकार उनसे जुड़ी छोटी-छोटी ख़बरें छाप रहे थे, उनके आगमन पर एकदम चुप क्यों थे ।

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in

futuretopper.in

(ग) 'साना-साना हाथ जोड़ि...' पाठ में सैनिकों की किन कठिनाइयों का उल्लेख है ? क्या वर्तमान में उनकी स्थिति में सुधार आया है ? पाठ के आधार पर तर्क सहित उत्तर दीजिए ।

खण्ड ख
(रचनात्मक लेखन)

4. निम्नलिखित विषयों में से किसी ***एक*** विषय पर संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग 150 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए : *5*

(क) वन संरक्षण : प्राथमिकता
- मनुष्य और वन में अटूट संबंध
- संरक्षण प्रथम आवश्यकता क्यों ?
- वन संरक्षण के लिए किए जा रहे प्रयासों का प्रभाव
- सुझाव

(ख) स्वरोज़गार : एक कदम विकास की ओर
- स्वरोज़गार की आवश्यकता क्यों ?
- भारतीय अर्थव्यवस्था पर प्रभाव
- बाधाएँ
- सुझाव

(ग) मोबाइल : शिक्षा जगत में क्रांति का आधार
- वर्तमान में शिक्षा जगत में इसकी अनिवार्यता
- सकारात्मक प्रभाव
- दुष्प्रभाव
- सुझाव

5. (क) खाने-पीने की ग़लत आदतों के कारण आपका मित्र मोटापे का शिकार हो गया है । उसे संतुलित आहार एवं योग का महत्त्व बताते हुए लगभग 120 शब्दों में पत्र लिखिए । *5*

अथवा

(ख) अपने क्षेत्र में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की स्थापना करने का अनुरोध करते हुए लगभग 120 शब्दों में स्वास्थ्य मंत्री को पत्र लिखिए । *5*

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in

6. (i) (क) लॉक डाउन के दौरान आर्थिक संकट से गुजर रहे मूर्तिकारों की सहायता हेतु स्थापित संस्था 'शिल्पी' के प्रचार-प्रसार के लिए लगभग 50 शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए । $2\frac{1}{2}$

अथवा

(ख) सोलर पंखे बनाने वाली कंपनी 'मुक्ति' के लिए लगभग 50 शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए । $2\frac{1}{2}$

(ii) (क) 'रक्तदान' के प्रति आम लोगों में जागरूकता लाने के लिए 'स्वास्थ्य मंत्रालय' के लिए लगभग 50 शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए । $2\frac{1}{2}$

अथवा

(ख) चश्मा बनाने एवं बेचने वाली कंपनी 'दृष्टि' के प्रचार-प्रसार के लिए लगभग 50 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए । $2\frac{1}{2}$

7. (i) (क) आपकी बड़ी बहन राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (एन.ई.ई.टी.) की तैयारी कर रही है । उसमें उनकी सफलता के लिए लगभग 40 शब्दों में शुभकामना संदेश लिखिए । $2\frac{1}{2}$

अथवा

(ख) राष्ट्रीय हिन्दी निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर छोटे भाई को लगभग 40 शब्दों में बधाई संदेश लिखिए । $2\frac{1}{2}$

(ii) (क) 'गुड़ी पड़वा' के अवसर पर महाराष्ट्र निवासी अपने मित्र को लगभग 40 शब्दों में शुभकामना संदेश लिखिए । $2\frac{1}{2}$

अथवा

(ख) 'हिन्दी दिवस' के सफल आयोजन के लिए छात्रों को प्राचार्य की ओर से लगभग 40 शब्दों में साधुवाद बधाई संदेश लिखिए । $2\frac{1}{2}$

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in